

सीएम विजय ने कैबिनेट में आठ... 02

# राष्ट्रीय शिखर

खबरों की स्वतंत्रता

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गौतमबुद्धनगर, नई दिल्ली, देहरादून और लखनऊ से एक साथ प्रसारित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र



शाहिद कपूर की अगली फिल्म... 11

वर्ष - 02, अंक - 51 | गाजियाबाद / सोमवार 25 मई 2026 | PRGI No. - UPHIN/25/A0086 | पृष्ठ -12, मूल्य - 04 रूपए


## संक्षिप्त समाचार

## मैं आयरन लेडी, लापरवाही बिल्कुल नहीं होगी बर्दाश्त

### मायावती की कार्यकर्ताओं को चेतावनी, मुस्तैद रहो

**लखनऊ (एजेंसी)।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर लखनऊ में रविवार को बड़ी बैठक की। पार्टी नेताओं से सख्त लहजे में कहा- चुनाव की तैयारी में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पार्टी संगठन को और ज्यादा चुस्त-दुरुस्त और मुस्तैद रहने की जरूरत है। विरोधी दलों की हर चाल का पूरी मजबूती से जवाब



देना होगा। मायावती ने यूपी की जनता से अपील की कि बसपा और उसके आयरन लेडी नेतृत्व पर फिर से भरोसा करना होगा। विरोधी दलों की संकीर्ण और छलावापूर्ण राजनीति से बचना होगा। 5वीं बार बसपा की सरकार बनानी होगी। बैठक में बूथ स्तर से लेकर जिला, विधानसभा और प्रदेश स्तर के पदाधिकारी शामिल हुए। सभी ने अपनी-अपनी रिपोर्ट पेश की।

### धन्नासेठों के पक्ष में बनी नीतियों से जनता को नुकसान हो रहा

मायावती ने कहा- देश के मौजूदा राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक हालात ठीक नहीं हैं। बड़े-बड़े पूंजीपतियों और धन्नासेठों के पक्ष में बनी नीतियों से आम लोगों को नुकसान हो रहा है। सरकारों को अपने संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। जनता के कल्याण पर ध्यान देना चाहिए।

## मोदी सरकार में पहली बार हुआ मंत्रियों का रिव्यू

- 'संतोषजनक' रेटिंग के बाद हरकत में आए मिनिस्टर्स



### फाइलें लंबित न रहें और शिकायतें सुलझनी चाहिए

आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, डिजिटल प्लेटफॉर्म, डेटा शेयरिंग, डेटा-बेस्ड डिसीजन लेने और मंत्रालयों के बीच सहयोग जैसे अन्य क्षेत्रों ने भी सरकार की रिपोर्ट कार्ड प्रक्रिया में भूमिका निभाई। सूत्रों ने बताया कि सरकार ने मंत्रालयों से कहा है कि फाइलें लंबित नहीं रहनी चाहिए और शिकायतें भी अनसुलझी नहीं रहनी चाहिए। पीएम मोदी ने मंत्रालयों को विकास कार्यों को तेजी से पूरा करने और प्रक्रियाओं को सरल बनाने का निर्देश दिया है।

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मंत्रालयों का रिव्यू किया गया, जिसमें प्रदर्शन के आधार पर कई मंत्रालयों को संतोषजनक श्रेणी में रखा गया है। इस मूल्यांकन का खास महत्व है क्योंकि सरकार की ओर से जब भी कैबिनेट का विस्तार किया जाएगा तो मंत्रालयों का यही रिपोर्ट कार्ड निर्णायक साबित होगा। एनडीटीवी के मुताबिक, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक बैठक की, जिसमें कैबिनेट सचिव टीवी सोमनाथन ने सरकार के सभी मंत्रालयों के कामकाज पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी। मंत्रालय को मूल्यांकन का मुख्य पैमाना मंत्रियों की ओर से शिकायत का निवारण और फाइलों के निपटारे दिखाई गई फुर्ती थी।

- मुंबई में भोपाल-इंदौर की जरूरत से ज्यादा पानी बर्बाद; इंदौर में 65 फीसदी पानी लीकेज

# देश के बड़े शहरों में 25-60 फीसदी तक की पानी बर्बादी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के लगभग सभी बड़े शहरों में 25-60 फीसदी तक पानी बर्बाद हो रहा है। या तो पेयजल लाइनों में बड़े लीकेज हैं या फिर पाइपलाइन में अवैध कनेक्शन जोड़ लिए गए हैं। हालात ये हैं कि मुंबई को रोज लगभग 3,850 एमएलडी (मिलियन लीटर रोज) पानी सप्लाई होता है। इसमें से करीब 30 फीसदी लीकेज माना जाता है। रोज लगभग 1000 एमलडी पानी पाइपलाइन लीकेज व अन्य तरह से बेकार जा रहा है। ये बर्बाद पानी इंदौर-भोपाल की कुल रोजाना जरूरत से भी ज्यादा है। इन दोनों शहरों को रोज 900 एमएलडी ही पानी चाहिए। स्मार्ट सिटी और अमृत 2.0 जैसी परियोजनाओं के तहत



2016 में शहरी निकायों ने सुपरवाइजरी कंट्रोल एंड डेटा एक्विजिशन (एससीएडीए) प्रोजेक्ट शुरू किया था। इसके तहत लीकेज और चोरी वाले नॉन रिवेन्यू वाटर (एनआरडब्ल्यू) को घटाकर 20 फीसदी पर लाने का लक्ष्य था। इस प्रोजेक्ट के तहत पिछले 10 साल में करीब 1.5 लाख करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं, फिर भी हालात नहीं बदले। भोपाल-इंदौर जैसे शहरों में पानी का लीकेज 35-65 फीसदी तक है। भोपाल ने पेयजल लीकेज 16 फीसदी करने का दावा किया था।

### देश में पानी पर कहां-कितना खर्च

इंदौर में जलूद से नर्मदा जल 70 किमी दूर शहर तक लाने और इसे 600 मीटर की ऊंचाई तक पंप करने पर प्रति हजार लीटर 29 रु. खर्च आता है। इसमें हर माह बिजली बिल ही 25 करोड़ का है। 65 फीसदी पानी की बर्बादी के हिसाब से 15 करोड़ का नुकसान हो रहा है। मुंबई में 16,092 करोड़ खर्च करके जो पानी पहुंचाया जा रहा है, उसमें से करीब 4,500 करोड़ लीकेज और चोरी के कारण बर्बाद हो रहा है। बेंगलुरु में पानी सप्लाई का सालाना खर्च 10 हजार करोड़ रु. है। लीकेज 35 फीसदी है। मतलब 3,500 करोड़ की बर्बादी। देश के प्रमुख 166 जलाशयों में 33 फीसदी ही पानी है। पर शहर में रोजाना जरूरत बढ़ चुकी है।

# विदेशी ताकतों के इशारे पर काम कर रहे राहुल गांधी

### बीजेपी ने कहा-मोदी सरकार गिराना चाहती है कांग्रेस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीजेपी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर देश में अराजकता पैदा कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को अस्थिर करने की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष विदेशी ताकतों के इशारे पर काम कर रहे हैं। बीजेपी सांसद और पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने दावा किया कि गांधी की 'साजिश' तब उजागर हो गई, जब उन्होंने मंगलवार को कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग की सलाहकार परिषद की बैठक में कथित तौर पर कहा कि मोदी सरकार एक साल के भीतर गिर जाएगी।



### विदेशी एजेंडा चलाने का लगाया आरोप

पात्रा ने एक वीडियो संदेश में कहा, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक बार फिर दुस्साहस दिखाया है। उन्होंने कल एक बैठक में कहा कि मोदी सरकार एक साल के भीतर गिर जाएगी। राहुल गांधी दंगे भड़काकर और अराजकता के जरिये (मोदी) सरकार को गिराने की कोशिश कर रहे हैं।

# पुतिन के 'ब्रह्मास्त्र' से दहल गई यूक्रेन की राजधानी

### रूस ने चलाई परमाणु हमला करने में सक्षम ओरेशनिक मिसाइल



**कीव (एजेंसी)।** रूस ने शनिवार और रविवार की दरमियानी रात यूक्रेन की राजधानी कीव पर मिसाइलों और ड्रोन से भीषण हमला किया है। स्थानीय अधिकारियों ने शुरुआती आंकड़ों में बताया है कि कम से कम 4 लोग मारे गए हैं, जबकि 80 से ज्यादा घायल हुए हैं। रात पर कीव में हवाई हमले के सायरन बजते रहे और हमलों से पूरी राजधानी में धुआं उठता दिखा।

### रूस पर हमले का लिया बदला

रूस ने यूक्रेन के ड्रोन हमले के जवाब में शनिवार और रविवार की रात कीव पर कार्रवाई शुरू की। इस दौरान कीव के ऊपर मिसाइलों और ड्रोन की बौछार कर दी, जिससे शहर के मध्य में स्थित सरकारी कार्यालय, आवासीय भवन और स्कूल के पास की इमारतें प्रभावित हुईं।

# रक्षा उत्पादन में निजी कंपनियों की और बढ़ेगी हिस्सेदारी

### राजनाथ सिंह का बड़ा ऐलान, कहा-इसे 50 प्रतिशत तक करेंगे

**अहिल्यानगर (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के शिर्डी में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एनआईबीई ग्रुप की रक्षा उत्पादन इकाई का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जो भारत कभी हथियारों का आयातक माना जाता था, उसे अगले 25-30 वर्षों में दुनिया का सबसे बड़ा हथियार निर्यातक बनने से अब कोई ताकत नहीं रोक सकती। उन्होंने कहा कि सरकार रक्षा उत्पादन में निजी कंपनियों की हिस्सेदारी 50 फीसदी तक बढ़ाना चाहती है। राजनाथ सिंह ने महाराष्ट्र



के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ पूरी फैक्ट्री का निरीक्षण किया और भारत के पहले 300 किलोमीटर रेंज वाले यूनिवर्सल रॉकेट लॉन्चिंग सिस्टम 'सूर्यास्त्र' को हरी झंडी दिखाई। बाद में दोनों नेताओं ने शिर्डी साईं बाबा मंदिर में दर्शन भी किए।

### 200 एकड़ में बना कॉम्प्लेक्स, 2 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा

NIBE ग्रुप के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक गणेश निबे के मुताबिक, शिर्डी की यह यूनिट 200 एकड़ क्षेत्र में विकसित की गई है। इससे करीब 2,000 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है और क्षेत्र को भी बढ़ावा मिलेगा। यहां तैयार रक्षा उपकरणों का निर्यात दूसरे देशों में किया जाएगा। अहिल्यानगर जिले में स्थित यह इकाई आर्टिलरी बम शेल का निर्माण करेगी और एयरोस्पेस क्षेत्र को भी सहयोग देगी।

# बांग्लादेशी घुसपैठियों व रोहिंग्याओं की होगी मुश्किल!

### पश्चिम बंगाल में डिपोर्टेशन के लिए बनेंगे होल्डिंग सेंटर

### शुभेंदु सरकार का बड़ा ऐलान, सभी डीएम को दिया आदेश

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की नई भाजपा सरकार ने अवैध घुसपैठ पर सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रदेश सरकार ने सभी जिला प्रशासनों को निर्देश दिया है कि अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या प्रवासियों को पकड़ने के बाद उन्हें होल्डिंग सेंटर में रखा जाए और फिर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को सौंपा जाए। इससे पहले मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि राज्य में कोई स्थायी 'डिटेंशन कैंप' नहीं बनाए जा रहे हैं, बल्कि निर्वासन प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए अस्थायी हिरासत केंद्र स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारा रुख बिल्कुल साफ है- पहचान करो, सूची से हटाओ और बाहर निकालो।



### पता लगाओ, हटाओ और निर्वासित करो नीति

सरकार के आधिकारिक निर्देश के अनुसार, 31 दिसंबर 2024 के बाद भारत में घुसे अवैध बांग्लादेशी या रोहिंग्या अप्रवासियों की पहचान होने पर उन्हें निर्वासन तक होल्डिंग सेंटर में रखा जाएगा। जिलाधिकारियों को तत्काल ऐसे केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री शुभेंदु ने बंग भवन में मीडिया से बातचीत में कहा कि पिछली तृणमूल कांग्रेस सरकार के विपरीत, वर्तमान भाजपा सरकार घुसपैठियों को कोई शरण, आर्थिक मदद, आवास, स्वास्थ्य सुविधा या कानूनी सहायता नहीं देगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य में अवैध अप्रवासन पर केंद्रीय कानूनों का सख्ती से पालन किया जाएगा।



### केंद्रीय अधिसूचना के अनुरूप कार्रवाई

बताया जा रहा है कि यह निर्देश केंद्रीय गृह मंत्रालय की 2 मई 2025 की अधिसूचना के आधार पर जारी किया गया है। सुधार गृहों से रिहा विदेशी नागरिकों को भी आगे की कार्रवाई तक होल्डिंग सेंटर में रखा जाएगा। दोषी पाए गए घुसपैठियों को सीधे बीएसएफ के हवाले कर दिया जाएगा। बीएसएफ बाद में इनकी निर्वासन प्रक्रिया पूरी करेगा। वहीं, सरकार ने स्पष्ट किया है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत आने वाले और 31 दिसंबर 2024 से पहले राज्य में प्रवेश कर चुके व्यक्तियों को कानूनी नागरिकता देने पर विचार किया जाएगा। हालांकि, इस दायरे से बाहर पड़ोसी देशों से अवैध रूप से आए लोगों पर निर्वासन की कार्रवाई होगी। वहीं, सरकार के इस फैसले से पूरे प्रदेश में आव्रजन, नागरिकता और मानवाधिकारों को लेकर तीखी राजनीतिक व कानूनी बहस शुरू होने की आशंका है। विपक्षी दलों ने पहले ही इस नीति पर सवाल उठाना शुरू कर दिया है। बता दें कि चुनाव प्रचार के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी पश्चिम बंगाल में अवैध घुसपैठियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का वादा किया था, जिसे अब भाजपा सरकार अमल में ला रही है।

# आतंक के मुद्दे पर भारत को मिला यूएस का साथ

- जयशंकर और रुबियो की बैठक से पाकिस्तान को मिला सख्त मैसेज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर और भारत दौरे पर आए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के बीच शनिवार को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में प्रतिनिधिमंडल स्तर की एक अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में दोनों देशों ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को एक व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी बताते हुए रक्षा, व्यापार, ऊर्जा और उभरती प्रौद्योगिकियों पर सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। अमेरिकी विदेश मंत्री के रूप में मार्को रुबियो की यह पहली भारत यात्रा है। साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दोनों नेताओं ने आतंकवाद और मिडिल के मौजूदा संकट सहित कई वैश्विक मुद्दों पर खुलकर चर्चा की। बैठक के बाद



मीडिया को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री जयशंकर ने आतंकवाद के खिलाफ दोनों देशों के बीच सहयोग को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, भारत और अमेरिका के हित समान हैं, लेकिन चुनौतियां भी साझा हैं। इनमें सबसे बड़ी साझा चुनौती आतंकवाद है। इस मामले में हमारा रुख बिल्कुल स्पष्ट है। हम इस क्षेत्र में दोनों देशों की संबंधित एजेंसियों के बीच मजबूत सहयोग की सराहना करते हैं। भू-राजनीतिक तनाव के बीच दोनों नेताओं की बातचीत का एक बड़ा हिस्सा पश्चिम एशिया (मिस्र, इजरायल आदि) और खाड़ी देशों के घटनाक्रमों पर केंद्रित रहा। जयशंकर ने संकेत दिया कि दोनों पक्षों ने दूतावास में पश्चिम एशिया के परिप्रेक्ष्य पर चर्चा की और दोपहर के भोजन के दौरान खाड़ी क्षेत्र की स्थिति पर विस्तार से बात की। यह बातचीत ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका, ईरान और अन्य क्षेत्रीय देशों के बीच पर्दे के पीछे बड़ी कूटनीतिक हलचल चल रही है।

### अमेरिका-ईरान वार्ता पर रुबियो का बड़ा बयान

अपनी भारत यात्रा के दौरान अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने ईरान से जुड़ी कूटनीतिक कोशिशों पर संवाददाताओं से बात की। उन्होंने दोहराया कि अमेरिका का रुख साफ है कि ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं होने चाहिए। रुबियो ने खुलासा किया कि अमेरिका और ईरान के बीच चल रही बातचीत में कुछ प्रगति हुई है और आने वाले दिनों में कुछ बड़े घटनाक्रम देखने को मिल सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बिना किसी टोल या टैक्स के अंतरराष्ट्रीय शिपिंग के लिए खुला रहना चाहिए। दोनों देशों ने माना कि भारत-अमेरिका के संबंध अब किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इनका प्रभाव पूरी दुनिया पर पड़ता है। एस. जयशंकर ने कहा, हमारी व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी का सीधा सा मतलब यह है कि हमारा सहयोग बेहद गहरा और व्यापक है। यह एक ऐसा रिश्ता है जो दुनिया के अन्य क्षेत्रों को भी प्रभावित करता है। कई मुद्दों पर हमारे हित एक जैसे हैं। भले ही यह दौर जटिलताओं से भरा है, लेकिन मजबूत साझेदार के रूप में मुझे पूरा विश्वास है कि हमारी चर्चाएं बेहद उपयोगी रहेंगी।

# ईरान की धमकी, संवर्धित यूरेनियम किसी को नहीं देंगे

- डील फाइनल होने की चर्चा के बीच दिखाए तेवर, परमाणु मुद्दे पर झुकने से इनकार

**तेहरान (एजेंसी)।** ईरान ने अपने अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम के भंडार को सौंपने से इनकार कर दिया है। ईरान ने कहा है कि उसका परमाणु मुद्दा अमेरिका के साथ प्रारंभिक समझौते में शामिल नहीं है। ईरान की ओर से रविवार को यह दावा ऐसे समय सामने आया है, जब कुछ घंटे पहले ही अमेरिकी मीडिया में दावा किया गया था कि तेहरान अपना हाईली एनरिच्ड यूरेनियम स्टॉक अमेरिका को सौंपने के लिए तैयार हो गया है। रॉयटर्स ने एक वरिष्ठ ईरानी सूत्र के हवाले से बताया है कि तेहरान ने अपने अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम के भंडार को सौंपने पर सहमति नहीं दी है। सूत्र ने कहा कि ईरान का परमाणु मुद्दा, अमेरिका के साथ हुए शुरुआती समझौते का हिस्सा नहीं था। परमाणु मुद्दे पर अंतिम समझौते के लिए होने वाली बातचीत में चर्चा की जाएगी। यह मौजूदा सौदे का हिस्सा नहीं है।



# फर्जी नैरेटिव पर प्रहार, राष्ट्र निर्माण का संकल्प लेकर संपन्न हुआ भाजपा प्रशिक्षण वर्ग



**गाजियाबाद (शिखर समाचार)।** भारतीय जनता पार्टी महानगर गाजियाबाद द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का समापन मुरादनगर स्थित आईटीएस महाविद्यालय में उत्साह, अनुशासन और संगठनात्मक ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ। समापन सत्र में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कार्यकताओं और जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश के विरुद्ध सुनियोजित तरीके से फर्जी नैरेटिव गढ़कर जनता को भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से भ्रामक खबरों और झूठे प्रचार के माध्यम से भारत की छवि को कमजोर करने का षड्यंत्र किया जाता रहा है। भारत को पिछड़ा और अवैज्ञानिक राष्ट्र साबित करने की कोशिश की गई, जबकि पिछले लगभग 120 वर्षों में भारतीय वैज्ञानिकों, शोधकताओं और प्रतिभाओं ने विश्वभर में देश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि विश्व की अनेक शीर्ष कंपनियों और वैश्विक संस्थानों में भारतीय मूल के लोग नेतृत्वकारी भूमिका निभा रहे हैं। वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर नई पहचान स्थापित की है तथा देश के विरुद्ध बनाए गए नकारात्मक नैरेटिव को प्रभावी ढंग से तोड़ा है। आज भारत तकनीक, उत्पादन क्षमता, डिजिटल क्रांति और आर्थिक शक्ति के क्षेत्र में विश्व की अग्रणी ताकतों में तेजी से उभर रहा है। प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकताओं को संगठन की कार्यपद्धति, अनुशासन, जनसंपर्क, डिजिटल संवाद, वैचारिक मजबूती और आगामी चुनावों की रणनीति से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यकताओं ने भाजपा की रीति-नीति और राष्ट्रवादी विचारधारा को और अधिक गहराई से आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अभियान संयोजक एवं विधान परिषद सदस्य श्रीचंद शर्मा, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, सदर विधायक संजीव शर्मा, अभियान के महानगर संयोजक एस.पी. सिंह, विधान परिषद सदस्य दिनेश गोयल तथा उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री नरेंद्र कश्यप सहित प्रदेश, क्षेत्र और महानगर के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मामूली कहासुनी में दो पक्षों में खूनी संघर्ष, धारदार हथियार चले, छह घायल

**मोदीनगर (शिखर समाचार)।** निवाड़ी थाना क्षेत्र के सारा गांव में बीती रात मामूली कहासुनी को लेकर दो पक्षों में जमकर संघर्ष हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से धारदार हथियार चले और जमकर पत्थरबाजी हुई, जिससे गांव में भगदड़ और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना में दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस ने मामले में दोनों पक्षों के 12 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गांव निवासी सम्राट त्यागी और प्रमोद शर्मा के मकान आसपास स्थित हैं। प्रमोद शर्मा का आरोप है कि उसकी दुकान पर आने वाले लोगों के साथ सम्राट पक्ष के लोग अभद्र व्यवहार करते थे। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते हिंसक संघर्ष में बदल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद के दौरान दोनों पक्षों में लाठी-डंडों के साथ धारदार हथियारों का भी इस्तेमाल हुआ तथा जमकर पत्थरबाजी की गई। अचानक हुए संघर्ष से आसपास के लोगों में दहशत फैल गई और मौके पर भगदड़ मच गई। संघर्ष में सम्राट त्यागी, प्रमोद शर्मा, तुषार त्यागी, विजेंद्र और अमित समेत छह लोग घायल हुए हैं। घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि पुलिस ने दोनों पक्षों के 12 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है तथा गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है।

## धूमधाम से निकली मंगल कलश यात्रा, श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ





**मुरादनगर (शिखर समाचार)।** विजय मंडी में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ रविवार को भव्य मंगल कलश यात्रा के साथ हुआ। कथा आयोजन श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ समिति के तत्वावधान में किया जा रहा है। मंगल कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाओं, युवाओं और श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। श्रद्धालु भक्ति गीतों और जयघोषों के साथ नगर भ्रमण करते हुए कथा स्थल पहुंचे। यात्रा का विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

कथा के प्रथम दिवस कथावाचक मुकेश कुमार शास्त्री ने भागवत महात्म्य और आत्मदेव चरित्र का भावपूर्ण वर्णन करते हुए धर्म, भक्ति और संस्कारों का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि मानव जीवन को सही दिशा देने वाला दिव्य ज्ञान है। कथा श्रवण से मनुष्य के भीतर भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का संचार होता है तथा मानसिक शांति प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि कलियुग में श्रीमद्भागवत कथा मोक्ष प्राप्ति का सरल और श्रेष्ठ माध्यम है। कथा व्यक्ति को सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है और समाज तथा राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन की भावना जागृत करती है। कथा के दौरान प्रस्तुत भजनों पर श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर झूम उठे।

## नमो भारत रैपिड ट्रेन से मोदीनगर पहुंचे सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान, सैकड़ों लोगों ने थामा रालोद का दामन





**मोदीनगर (शिखर समाचार)।** बागपत-मोदीनगर लोकसभा क्षेत्र से रालोद सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान की मौजूदगी में रविवार को आयोजित एक कार्यक्रम में सैकड़ों व्यापारी और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने राष्ट्रीय लोक दल की सदस्यता ग्रहण की। सांसद ने पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों का फूलमाला और पटका पहनाकर स्वागत किया। दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित मोहन पार्क में आयोजित कार्यक्रम का आयोजन रालोद जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। इस दौरान सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान मेरठ से नमो भारत रैपिड ट्रेन में सवार होकर मोदीनगर पहुंचे। स्टेशन से वह ई-रिक्शा में बैठकर कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे, जिसे लेकर कार्यकताओं और स्थानीय लोगों में उत्साह देखने को मिला। सांसद डॉ. सांगवान ने कहा कि रालोद में शामिल हुए सभी लोग संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता मोदीनगर को और अधिक विकसित बनाना है। इसके लिए मोदीनगर स्थित कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सालय को ट्रामा सेंटर में परिवर्तित कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि हापुड़ रोड स्थित गांधी मैदान को खिलाड़ियों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाया जाएगा। निवाड़ी क्षेत्र में जल्द ही केंद्रीय विद्यालय की स्थापना की प्रक्रिया शुरू होगी। साथ ही क्षेत्र में नई सड़कों का निर्माण और जर्जर सड़कों की मरम्मत कराई जाएगी। सांसद ने कहा कि राज चौराहे के पास हापुड़ रोड रेलवे फाटक पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य जारी है और शीघ्र ही सीकरी रोड रेलवे फाटक पर भी रेलवे ओवरब्रिज का कार्य प्रारंभ होगा। रालोद जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने बताया कि पार्टी में मुकुल कुमार गर्ग, प्रदीप तायल, अश्वनी कौशिक, ठाकुर बलदेव सिंह, सुनील चावला, विकास नरूला, अतुल कंसल और पुष्पेंद्र त्यागी समेत सैकड़ों लोगों ने सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में अमरजीत सिंह बिडडी, डॉ. राजीव बालियान, डॉ. पूनम गर्ग, रणबीर दहिया, तेजपाल सिंह, तेजवीर सिंह डबाना, सत्येंद्र तोमर, राम भरोसे लाल मौर्य, योगेंद्र सिंह पतला, सुमन चौधरी, मनोज त्यागी, ललित सेन और अरुण दहिया सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## कमिश्नरेट गाजियाबाद में विशेष अग्नि सुरक्षा अभियान के तहत हाईराइज भवनों में मॉक ड्रिल



**गाजियाबाद (शिखर समाचार)।** कमिश्नरेट गाजियाबाद में 1 मई 2026 से संचालित विशेष अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत 23 और 24 मई को हाईराइज भवनों एवं अन्य महत्वपूर्ण परिसरों में व्यापक स्तर पर मॉक ड्रिल आयोजित की गई। अभियान का उद्देश्य लोगों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक करना तथा आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना रहा। इस दौरान मुख्य अग्निशमन अधिकारी गाजियाबाद राहुल पाल एवं अन्य प्रभारी अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में पहुंचकर विभिन्न प्रमुख भवनों और संस्थानों में मॉक ड्रिल कराई। जिन स्थानों पर अभियान चलाया गया उनमें वीवीआई एड्रेस सोसाइटी राजनगर एक्सटेंशन, शिखर एन्क्लेव सेक्टर-15 वसुंधरा, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड मैक ल्यूब प्लांट टीला मोड़, वी केयर हॉस्पिटल राजेंद्र नगर साहिबाबाद, शिप्रा रिवेरा सोसायटी इंदिरापुरम, रामप्रस्थ ग्रीन प्लैटिनम सोसायटी, सेवियर ग्रीन सीलई आवासीय सोसायटी क्रॉसिंग रिपब्लिक तथा गंगा यमुना हिंडन एन्क्लेव आवासीय सोसायटी सिद्धार्थ विहार सहित कई स्थान शामिल रहे। अभियान के दौरान अग्निशमन विभाग की टीम ने फायर टेंडरों के साथ भवनों के निकास मार्गों का निरीक्षण किया और अग्निशमन प्रणालियों की कार्यशीलता की जांच की। साथ ही उपस्थित लोगों को अग्निशमन उपकरणों के उपयोग का प्रशिक्षण देकर आग से होने वाली जन-धन हानि के प्रति जागरूक किया गया। निरीक्षण में जिन भवनों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था में कमियां पाई गईं, उन्हें सुधार के लिए नोटिस जारी किए जा रहे हैं। साथ ही भवन स्वामियों और संबंधित प्रबंधन को विद्युत सुरक्षा प्रणाली का ऑडिट कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। अधिकारियों ने कहा कि सभी भवनों में स्थापित अग्निशमन प्रणालियों को सदैव ऑटो मोड एवं कार्यशील अवस्था में रखा जाए तथा निकास मार्गों को पूरी तरह अवरोध मुक्त रखा जाए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में सुरक्षित निकासी सुनिश्चित हो सके। कमिश्नरेट गाजियाबाद ने इसे जनसुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रतीक बताते हुए आम नागरिकों से अपील की है कि वे अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन कर स्वयं और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

# पशु अवशेष के साथ मेयर ने पकड़ा 2 नाबालिक बच्चों को, पुलिस ने मदरसा संचालक को लिया हिरासत में



**गाजियाबाद (शिखर समाचार)।** ट्रांस हिंन्द क्षेत्र के निरीक्षण पर मेयर सुनीता दयाल निकली थी। इसी दौरान उन्होंने कनावनी गांव के पास कूड़े का ढेर लगा हुआ देखा। मेयर ने कूड़े के ढेर की जांच पड़ताल शुरू की। इसी दौरान दो नाबालिक बच्चे साइकिल पर एक कट्टा लेकर आ रहे थे। मेयर के आदेश पर जब लोगों ने कट्टे की जाँच की तो पाया कि उसमें अवशेष भरे हुए हैं। मेयर ने तुरंत इस संबंध की सूचना थाना इंदिरापुरम पुलिस को दी। सूचना मिलते ही इंदिरापुरम पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों नाबालिक बच्चों से पूछताछ शुरू की। पुलिस को पूछताछ में पता चला कि यह दोनों नाबालिक बच्चे कनावनी गांव के मदरसे में पढ़ते हैं। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचे मदरसा संचालक को हिरासत में लिया और जाँच शुरू कर दी। मेयर सुनीता दयाल ने बताया कि वह क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर रही थी। इसी दौरान उन्होंने कूड़े का ढेर लगा हुआ देखा। उन्होंने कूड़ा फेंकने वालों की जांच जब शुरू की तो इसी दौरान दो बच्चे एक साइकिल पर आते हुए दिखाई दिए। जब उनकी जान शुरू की गई तो उनके पास एक कट्ठा था, जिसमें पशु अवशेष थे। वह यह अवशेष हिंडन नदी में फेंकने के लिए लाए थे। ऐसा घिनौना काम करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि पशु अवशेष की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी और पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

## दिव्य योग संस्थान ट्रस्ट के अध्यक्ष बने जितेंद्र शर्मा



**शामली (शिखर समाचार)** दिव्य योग संस्थान ट्रस्ट रजिस्टर्ड शामली के तत्वावधान में रविवार को नगर पालिका परिषद शामली में संस्था के सभी सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ सदस्य रमेश बजाज ने की, जिसमें सर्वसम्मति से जितेंद्र शर्मा को निर्विरोध अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में संस्था के संरक्षक सरवन संगल ने अध्यक्ष पद के लिए जितेंद्र शर्मा के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका जयपाल सिंह ने अनुमोदन किया। इसके बाद उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से जितेंद्र शर्मा को पुनः निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया। अध्यक्ष निर्वाचित होने पर सभी सदस्यों ने नवनियुक्त अध्यक्ष को फूलमालाएं पहनाकर शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इसके उपरांत नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें रमेश बजाज एवं विनोद शर्मा को मार्गदर्शक मंडल, सरवन संगल एवं रण कुमार शर्मा को संरक्षक, ऋषिपाल गोयल को उपाध्यक्ष, अजय शर्मा को महामंत्री, जयपाल सिंह को मंत्री, अरविंद मलिक को संगठन मंत्री, कविता गुप्ता को प्रचार मंत्री, शिक्षा शर्मा को कोषाध्यक्ष, सुभाष शर्मा को खाद्य मंत्री तथा उषा सिंह को महिला संयोजिका नियुक्त किया गया।

बैठक में रविंद्र कुमार, आदेश जैन और अंकित कुमार बंसल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## सात दिवसीय शिशु वाटिका आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ



**शामली (शिखर समाचार)।** विद्या भारती द्वारा आयोजित सात दिवसीय प्रांतीय शिशु वाटिका नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ रविवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में श्रद्धा एवं गरिमामय वातावरण के बीच हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्रीय संगठन मंत्री डोमेश्वर साहू, क्षेत्रीय शिशु वाटिका प्रभारी शिव कुमार, प्रांतीय संयोजिका ममता शर्मा, प्रधानाचार्य संजय कुमार सैनी एवं प्रधानाचार्या पल्लवी ऐरन ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ नन्हे बच्चों द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना से हुआ, जिसने उपस्थित जनों को भावविभोर कर दिया। प्रस्ताविकी प्रस्तुत करते हुए ममता शर्मा ने शिशु वाटिका की आवश्यकता, उद्देश्य एवं महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा बाल शिक्षा में संस्कारयुक्त वातावरण की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। प्रथम सत्र में डोमेश्वर साहू ने शिशु वाटिका की संकल्पना पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रारंभिक शिक्षा बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण की आधारशिला होती है। वहीं द्वितीय सत्र में शिव कुमार ने खेल एवं क्रिया आधारित शिक्षण पद्धति की जानकारी देते हुए बताया कि बालकों को सहज एवं रुचिकर वातावरण में शिक्षा प्रदान करना समय की आवश्यकता है। प्रशिक्षण वर्ग में विभिन्न विद्यालयों से लगभग 85 प्रशिक्षार्थी सहभागिता कर रहे हैं। आगामी सात दिनों तक विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें शिक्षण पद्धति, बाल मनोविज्ञान, संस्कार शिक्षा एवं संगठनात्मक गतिविधियों पर विशेष मार्गदर्शन दिया जाएगा। रात्रिकालीन सत्र में आचार्यों को विद्यालय की शिक्षण पद्धति, आचार संहिता एवं संगठनात्मक दायित्वों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान अनुशासन एवं उत्साह का वातावरण बना रहा।

# बिजनौर में जनगणना कार्य का महत्वपूर्ण चरण पूरा, जिलाधिकारी आवास को मिला क्रमांक सीएम 197






**बिजनौर (शिखर समाचार)।** जनपद में चल रहे राष्ट्रीय जनगणना कार्य के अंतर्गत रविवार को एक महत्वपूर्ण चरण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया। इस विशेष अवसर पर प्रगणक रुचि चौधरी एवं पर्यवेक्षक विनोद यादव ने जिलाधिकारी जसजीत कौर की उपस्थिति में उनके कार्यकारी आवास पर भवन का जनगणना क्रमांक सीएम-157 अंकित किया। इसके साथ ही जिलाधिकारी के मुख्य आवास (जिलाधिकारी भवन) को जनगणना क्रमांक सीएम-197 आवंटित कर अभिलेखों में दर्ज किया गया। प्रशासन के अनुसार प्रत्येक भवन और आवासीय इकाई की सटीक पहचान सुनिश्चित करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे भविष्य में जनसंख्या आंकड़ों का सुव्यवस्थित संकलन और विश्लेषण किया जा सकेगा। इस अवसर पर लखनऊ निदेशालय के जनगणना प्रभारी जे.पी. यादव, नगर पालिका परिषद बिजनौर के अधिशासी अधिकारी विकास कुमार, कलेक्ट्रेट के जनगणना सहायक मुकेश कुमार, डॉ. आकाश कुमार अग्रवाल, अमित कुमार तथा राजीव समेत कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक किसी भी प्रकार के भ्रम में न आएं और जनगणना कार्य में बढ़-चढ़कर सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जनगणना से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सही जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि राष्ट्रहित का यह महत्वपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

## 9 माह की बच्ची को उछालते समय छत से गिरने पर गंभीर चोट, पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**दादरी (शिखर समाचार)** कोतवाली दादरी क्षेत्र के गौतमपुरी मोहल्ले में एक दर्दनाक हादसे में 9 माह की बच्ची छत से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल बच्ची का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। मामले में मां की शिकायत पर पुलिस ने पति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

**आवश्यकता है**

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चौधरी महेन्द्र सिंह गर्ल्स कालेज लांक शामली में BBA, BCA, BSc, Bio / Math कॉर्स हेतू अनुभवी प्रवक्ताओं की आवश्यकता है, योग्यता UGC NET/PHD वेतन UGC के नियमानुसार। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें।**

**मोबाइल नंबर 7248489696**

## संक्षिप्त समाचार

### चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किया गया कॉपर तार, बाइक व तमंचा बरामद

**दादरी (शिखर समाचार)** जारचा कोतवाली क्षेत्र में समाना नहर के समीप जांच के दौरान पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किया गया कॉपर तार, बाइक तथा तमंचा-कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया। प्रभारी निरीक्षक कैलाश नाथ ने बताया कि जारचा कोतवाली क्षेत्र में समाना नहर के पास पुलिस टीम जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान ऊंचा अमीरपुर गांव निवासी दुष्यंत बाइक पर सवार होकर आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर पूछताछ की। बाइक पर रखे कट्टे में मिले कॉपर तार के संबंध में वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से एक तमंचा और कारतूस भी बरामद हुए। पुलिस उसे हिरासत में लेकर कोतवाली पहुंची, जहां पूछताछ में उसने बताया कि 15 नवंबर 2025 को एनटीपीसी स्थित किर्लोस्कर कंपनी से कॉपर तार चोरी किया था और उसे ठिकाने लगाने जा रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 25 किलोग्राम कॉपर तार, एक बाइक तथा तमंचा-कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ विभिन्न थानों में पूर्व से सात मुकदमे दर्ज हैं।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**दादरी (शिखर समाचार)** कोतवाली दादरी क्षेत्र के मथुरापुर गांव के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कोतवाली दादरी क्षेत्र के चक्रसैनपुर गांव निवासी मोहित भाटी अपने परिवार के साथ रहते हैं। उनका भाई चाहत भाटी 19 मई को ड्यूटी से बाइक द्वारा घर लौट रहा था। जब वह मथुरापुर गांव के समीप पहुंचा, तभी विपरीत दिशा से आए एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में मृतक के भाई की तहरीर पर कोतवाली दादरी में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस आरोपी चालक और वाहन की तलाश में जुटी हुई है।

### दुर्घटना में बाइक चालक व मासूम बच्ची की मौत, महिला घायल

**दादरी (शिखर समाचार)** कोतवाली दादरी क्षेत्र में नगर बाईपास पर हुए सड़क हादसे में बाइक चालक और एक मासूम बच्ची की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला का अस्पताल में उपचार चल रहा है। घटना के तीन दिन बाद अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ कोतवाली दादरी में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस आरोपी वाहन चालक की तलाश में जुटी है। प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार मिश्रा के अनुसार, बुलंदशहर जनपद के सिकंदराबाद निवासी रफीक का परिवार गाजियाबाद में रहता है। 20 मई को गुलावठी निवासी उनके दामाद शहजाद, अपने मामू की लड़की इल्मा और उसकी बेटी इनाया को बाइक से सिकंदराबाद से गाजियाबाद लेकर जा रहे थे। बताया गया कि जब वे कोतवाली दादरी क्षेत्र के नगर बाईपास स्थित रेलवे लाइन पुल के समीप पहुंचे, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक शहजाद और मासूम इनाया की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि इल्मा गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

### मानव अधिकार संघ मेरठ के अध्यक्ष पर हमला, जातिसूचक शब्दों का आरोप, मुकदमा दर्ज

**दादरी (शिखर समाचार)** बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के दुजाना गांव में मानव अधिकार संघ मेरठ के अध्यक्ष के साथ कथित रूप से जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने एक नामजद और चार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि दुजाना गांव निवासी मदन सिंह अपने परिवार के साथ रहते हैं और मानव अधिकार संघ मेरठ के अध्यक्ष हैं। आरोप है कि 15 मई की शाम वह गांव के मुख्य चौक से गुजर रहे थे, तभी गांव के बालू ने शराब के नशे में उनका रास्ता रोक लिया। आरोप है कि इस दौरान सार्वजनिक रूप से जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की गई, जिससे वह घायल हो गए। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़ित का आरोप है कि इसके बाद बालू अपने चार अज्ञात साथियों के साथ लाठी-डंडों से लैस होकर उनके घर पहुंचा। वहां पत्नी हेमलता तथा पुत्रियों शीतल और सिमी के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए गाली-गलौज की गई। शिकायत में यह भी कहा गया है कि पूर्व में भी उनके भाई के साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर धमकी दी गई थी। पीड़ित परिवार ने भय का माहौल बताते हुए गांव छोड़ने की मजबूरी जताई है। पुलिस ने बालू और चार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

**भीषण गर्मी में बिजली कटौती का कहर**

# सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने सरकार पर दबाव बढ़ाया

**लखनऊ, एजेंसी।** प्रदेश में बढ़ती बिजली कटौती और खराब आपूर्ति व्यवस्था को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने सरकार पर दबाव बढ़ाया है। भाजपा विधायकों से लेकर कांग्रेस नेताओं तक ने मुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री को पत्र लिखकर जनता की परेशानियों का मुद्दा उठाया है। नेताओं का कहना है कि भीषण गर्मी के बीच लगातार बिजली बाधित होने से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है और जनता में भारी आक्रोश है।



लखनऊ उत्तर से भाजपा विधायक नीरज बोरा ने ऊर्जा मंत्री एके शर्मा को पत्र भेजकर कहा कि लगातार हो रही बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। उन्होंने मांग की कि आपूर्ति व्यवस्था में तत्काल सुधार किया जाए। साथ ही अपने कैंप कार्यालय में मुख्य अभियंता को भेजने की मांग भी की, ताकि वहां पहुंचने वाली जनता को वास्तविक स्थिति की जानकारी दी जा सके।

वहीं, सरोजनीनगर से भाजपा विधायक राजेश्वर सिंह ने भी ऊर्जा मंत्री को पत्र लिखकर कहा कि बार-बार बिजली बाधित होना, लो वोल्टेज, ट्रांसफार्मरों का ओवरलोड होना, फीडर ट्रिपिंग और अंडरग्राउंड केबल फॉल्ट जैसी समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं।

उन्होंने कहा कि यह समस्या हर साल सामने आती है, इसलिए इसका स्थायी समाधान निकालने के लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाई जानी चाहिए। विधायक ओपी श्रीवास्तव ने भी ऊर्जा मंत्री को पत्र लिखा है। उन्होंने लखनऊ पूर्व विधानसभा क्षेत्र में खराब बिजली व्यवस्था पर चिंता जताई। विधायक ने जर्जर लाइनों और ट्रांसफार्मरों की तत्काल मरम्मत की मांग की है।

**बिजली कटौती से बेहाल हैं लोग :** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने भी बिजली संकट को लेकर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लोग बिजली कटौती से बेहाल हैं। लोगों को रातभर जागना पड़ रहा है। बिजली न होने से पेयजल संकट गहरा गया है, पंपसेट बंद पड़े हैं और बिजली आधारित लघु उद्योग प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने ऊर्जा मंत्री और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर आपूर्ति व्यवस्था में सुधार की मांग की तथा चेतावनी दी कि हालात नहीं सुधरे तो कांग्रेस सड़क पर आंदोलन करेगी।

**व्यवस्था सुधारने के लिए लगातार हो रहा प्रयास :** ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने अत्यधिक गर्मी से मांग बढ़ने की बात कही है। उन्होंने दावा किया कि विभाग व्यवस्था सुधारने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि कराई जा रही है और निर्धारित रोस्टर के अनुसार आपूर्ति सुनिश्चित है। उन्होंने आजमगढ़ के सठियांव में बिजली कैंप का दौरा कर आम जनता से संवाद भी किया।

**पावर कॉर्पोरेशन का बिजली व्यवस्था सुचारु होने का दावा :** पावर कार्पोरेशन के निदेशक (वितरण) ज्ञानेंद्रधर द्विवेदी ने बयान जारी किया है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में बिजली व्यवस्था सुचारु बनी हुई है। अधिकारियों को बाधित बिजली की अतिरिक्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश हैं। खराब ट्रांसफार्मर को कम समय में बदलने का प्रयास किया जा रहा है। आवश्यकतानुसार पर्याप्त सामग्री और गैंग उपलब्ध होने का भी दावा किया गया।

## कमिश्नर की फटकार : आम आदमी का फोन नहीं उठाया तो नपेंगे अफसर, बनेगा कंट्रोल रूम– 9415737209 पर करें संपर्क




**गोरखपुर , एजेंसी।** शहर में लगातार हो रही बिजली कटौती और फाल्ट की बढ़ती शिकायतों पर कमिश्नर अनिल ढींगरा ने सख्त रुख अपनाया है। शुक्रवार को आयुक्त सभागार में बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों और आम लोगों के फोन तक रिसीव नहीं किए जा रहे हैं। इस पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि अभियंता, एसडीओ, एई और जेई जनता के फोन नहीं उठाएंगे तो उनके खिलाफ शासन स्तर पर कठोर कार्रवाई की संस्तुति की जाएगी।

डीएम दीपक मीणा के साथ विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, एसडीओ, सहायक अभियंता और अवर अभियंताओं की बैठक में उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि अनावश्यक बिजली कटौती किसी भी हालत में न की जाए। फाल्ट की सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित हो। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि बढ़ती गर्मी और ओवरलोडिंग के कारण शहर के कई इलाकों में रात के समय लगातार फाल्ट हो रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारी समय पर समस्या का समाधान नहीं कर रहे हैं कमिश्नर ने मुख्य अभियंता पंकज अग्रवाल और अधीक्षण अभियंता रंजीत चौधरी को निर्देश दिया कि जोनल कार्यालय में तत्काल कंट्रोल रूम स्थापित किया जाए।

यहां एसडीओ या एई स्तर के अधिकारी, मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारी की 24 घंटे ड्यूटी लगाई जाएगी। कंट्रोल रूम का नंबर 9415737209 सार्वजनिक करने के निर्देश भी दिए गए हैं ताकि आम लोग सीधे शिकायत दर्ज करा सकें। उन्होंने कहा कि रिस्पांस टाइम कम किया जाए और फाल्ट ठीक करने के लिए इमरजेंसी गैंग की संख्या बढ़ाई जाए। ट्रांसफार्मर खराब होने पर तत्काल बदले जाएं। आंधी-पानी के मौसम को देखते हुए अभी से तैयारियां रखने को भी कहा गया। डीएम दीपक मीणा ने भी अधिकारियों को मोबाइल ऑन रखने और जनता के फोन अनिवार्य रूप से रिसीव करने के निर्देश दिए।

## आगरा में टूटा रिकॉर्ड; अगले तीन दिन लू का रेड अलर्ट

**आगरा, एजेंसी।** पूरे प्रदेश में इस समय गर्मी का भीषण सितम जारी है। आगरा प्रदेश का पांचवां सबसे गर्म शहर रिकॉर्ड किया गया। विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान में बढ़ोतरी के साथ ही लू चलते रहने का अनुमान जारी किया है।



सूर्यदेव के तीखे तेवरों से आम जनजीवन पूरी तरह त्रस्त हो चुका है। इसके बाद भी अभी फिलहाल राहत के आसार नहीं दिख रहे। शुक्रवार को शहर का अधिकतम तापमान 45.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसकी वजह से दिनभर लोगों को चिलचिलाती धूप और लू के थपेड़ों की दोहरी मार झेलनी पड़ी।

भीषण लू के कारण दोपहर के समय सड़कों से लेकर बाजारों तक सन्नाटा पसरा रहा। उधर, राज्य में सबसे ज्यादा तपिश बांदा में रही, जहां पारा 46.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। वहीं, प्रयागराज 46.2 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ दूसरे स्थान पर रहा। झांसी व उरई में 45.4 डिग्री तापमान रहा। मौसम विज्ञान विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए अनुमान जताया है कि अगले तीन दिनों तक तापमान में बढ़ोतरी का यह सिलसिला लगातार जारी रहेगा, जिससे फिलहाल गर्मी से राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं है।

**तपिश बढ़ने से दोपहर में बाजारों में सन्नाटा :** भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के कारण अब बाजारों के रंग-ढंग बदलने लगे हैं। मौसम की तपिश बढ़ने के साथ ही दोपहर के समय बाजारों में पूरी तरह सन्नाटा छाने लगा है। तपती धूप और लू के थपेड़ों के डर से लोग दोपहर में घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं, जिसके चलते कई जगह तो दुकानदार खुद भी दोपहर में दुकानें बंद कर आराम करना ज्यादा बेहतर समझ रहे हैं। इसके विपरीत, अब सुबह और शाम के समय ही बाजारों में रौनक देखने को मिल रही है। लोग जरूरी खरीदारी के लिए या तो सुबह जल्दी निकल रहे हैं या फिर सूरज ढलने के बाद शाम को बाजारों का रुख कर रहे हैं।

## मुस्कान के साहिल से थे संबंध, मेरे भाई की हत्या कर छिपा दिया शव', बबलू ने बताया एक-एक सच

**मेरठ, एजेंसी।** ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र के पति-पत्नी के भरोसे का खून करने वाले बहुचर्चित सौरभ हत्याकांड में शुक्रवार को जिला न्यायालय में फाइनल बहस शुरू हो गई। अभियोजन पक्ष ने न्यायालय को बताया कि सौरभ के भाई ने प्राथमिकी में कहा था कि उसकी भाभी मुस्कान रस्तोगी के साहिल शुक्ला से संबंध थे। उसे आशंका थी कि उसके भाई सौरभ राजपूत की हत्या कर दोनों ने शव छिपा दिया था। इस केस में अब 27 मई को सुनवाई होगी और बहस जारी रहेगी।



बृहस्पतिवार को चार्ज संभालने वाले जिला जज अरविंद मिश्र की अदालत में अभियोजन पक्ष की ओर से शासकीय अधिवक्ता ने न्यायालय में फाइनल बहस के प्रथम चरण में प्राथमिकी की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ब्रह्मपुरी थाने में 18 मार्च 2025 को सौरभ के भाई बबलू ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

बबलू ने कहा था कि उनके भाई सौरभ ने मुस्कान से प्रेम विवाह किया था। सौरभ ने उसे बताया था कि वर्ष 2019 से उसकी पत्नी मुस्कान के साहिल शुक्ला से संबंध हैं। सौरभ ने कहा था कि मुझे मुस्कान और साहिल से जान का खतरा बना हुआ है। बबलू ने कहा कि वह और उसके पिता मुस्कान को समझाते रहते थे। तीन मार्च से सौरभ का कोई अता-पता नहीं था।

बबलू ने आशंका जताई थी कि मुस्कान और साहिल ने उसके भाई की हत्या कर शव छिपा दिया है। इसके अलावा अभियोजन पक्ष ने कोर्ट को बताया गया कि 22 गवाहों ने दोनों आरोपियों के खिलाफ बयान दिए हैं। उन्होंने गवाहों और साक्ष्यों के संबंध में कोर्ट को जानकारी दी।

**ये है नीले ड्रम में शव के टुकड़े भरने की वारदात**

ब्रह्मपुरी निवासी सौरभ राजपूत लंदन के एक मॉल में काम करता था। इससे पहले वह मर्चेंट नेवी में काम कर चुका था। वह बेटी पीहू और पत्नी मुस्कान रस्तोगी का जन्मदिन मनाने लंदन से 24 फरवरी 2025 को अपने घर आया था। सौरभ ने 25 फरवरी को बेटी पीहू और 27 फरवरी को पत्नी मुस्कान रस्तोगी का जन्मदिन मनाया था। इसके बाद तीन मार्च 2025 की रात को उसकी पत्नी मुस्कान रस्तोगी ने अपने प्रेमी साहिल शुक्ला के साथ मिलकर सीने में चाकू घोंपकर और छुरी से गर्दन काटकर उसकी हत्या कर दी थी।

हत्या के बाद दोनों ने शव के टुकड़े कर उसे प्लास्टिक के नीले ड्रम में डाले और ऊपर से सीमेंट का घोल डालकर सील कर दिया था। वारदात के बाद पांच मार्च को दोनों घूमने के लिए हिमाचल प्रदेश चले गए थे। रुपये खत्म होने पर 17 मार्च को दोनों मेरठ लौट कर आए थे। 18 मार्च को आरोपियों की निशानदेही पर नीला ड्रम बरामद किया। खून से सने कपड़े, वारदात में प्रयोग की गई छुरी आदि बरामद किए गए। 19 मार्च पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट के आदेश पर दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया था। तभी से दोनों जिला कारागार में बंद हैं। मुस्कान ने जेल में बेटी को भी जन्म दिया है।

## 365 दिनों में पॉक्सो समेत महिला अपराध के 480 केस दर्ज, निस्तारण सिर्फ 33 प्रतिशत का

**वाराणसी , एजेंसी।** हाल ही में जारी एनसीआरबी की रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश महिला अपराध से जुड़े मामलों में राष्ट्रीय औसत से बेहतर रहा लेकिन महिलाओं से जुड़े मामलों में न्यायिक प्रक्रिया की रफ्तार अभी भी धीमी है। वाराणसी में एक साल में पॉक्सो समेत महिला अपराध के 480 से ज्यादा मामले कोर्ट में आए।



वहीं, पॉक्सो से जुड़े करीब तीन हजार मामले अभी भी कोर्ट में लंबित हैं। निस्तारण की रफ्तार की बात करें तो यह करीब 33 प्रतिशत रही। अदालतों में करीब एक हजार मामलों का निस्तारण हुआ। बीते एक वर्ष में विभिन्न थानों में पॉक्सो एक्ट, दुष्कर्म, छेड़खानी, घरेलू हिंसा और साइबर उत्पीड़न समेत महिला अपराध से जुड़े 480 से ज्यादा मामले दर्ज किए गए। कोर्ट में पहुंचे आंकड़े इसकी पुष्टि कर रहे हैं।

न्यायिक प्रक्रिया में देरी की वजह जांच, फॉरेंसिक रिपोर्ट और गवाहों की अनुपस्थिति बताई गई। इन मामलों में सबसे ज्यादा शिकायतें शहरी क्षेत्रों के सिगरा, लंका, कैंट, भेलूपुर और शिवपुर थाना क्षेत्रों से सामने आईं, जबकि ग्रामीण इलाकों में रोहनिया, चोलापुर और बड़ागांव क्षेत्रों में बालिकाओं से जुड़े अपराधों में वृद्धि दर्ज की गई।

वाराणसी जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में संचालित विशेष पॉक्सो अदालतों में वर्तमान समय में लगभग 3000 मामले लंबित बताए जा रहे हैं। इनमें कई मामले दो से तीन वर्ष पुराने हैं। दोष सिद्धि की दर लगभग 28 से 30 प्रतिशत रही।

कई मामलों में गवाहों के मुकरने, समझौते के दबाव और तकनीकी साक्ष्यों की कमी के कारण अभियोजन कमजोर पड़ा। अधिकांश मामलों में चार्जशीट दाखिल होने में देरी और मेडिकल रिपोर्ट लंबित रहने से ट्रायल प्रभावित होता है। हालांकि दुष्कर्म और अन्य घोर अपराधों में पुलिस ने कई मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार किया। वहीं, कुछ मामलों में ठोस पैरवी और मॉनिटरिंग की वजह से अदालत ने रिकॉर्ड समय में सजा भी सुनाई।

पॉक्सो के मामलों में ठोस पैरवी की जा रही है। कुछ मामलों में अदालत ने रिकॉर्ड समय में फैसला सुनाया है। ज्यादातर मामले गवाहों की गैरमौजूदगी, साक्ष्यों में देरी, फॉरेंसिक रिपोर्ट और मेडिकल साक्ष्य समय पर कोर्ट में नहीं पहुंचने की वजह से लंबित हो जाते हैं। पॉक्सो के एक-दो मामले रोज कोर्ट में दर्ज हो रहे हैं। - संतोष कुमार सिंह, सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता

**2018 के मामले में आठ साल बाद आया फैसला**

**केस 1 :** सारनाथ थाना क्षेत्र में साल 2018 में दर्ज पॉक्सो एक्ट के मामले में मई 2026 में फैसला आया। न्यायिक फैसले में विलंब की वजह विवेचना, साक्ष्य संकलन और गवाहों की समय पर मौजूदगी नहीं होना रही। इस मामले में आरोपी को अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

**केस 2 :** भेलूपुर में छह साल की बच्ची का यौन शोषण भेलूपुर थाना क्षेत्र में एक बच्ची से यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया। परिवार की शिकायत पर मामला दर्ज हुआ। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, लेकिन दो महीने बाद भी जांच में अपेक्षित तेजी नहीं आई। ऐसे में केस धीमी गति से चल रहा है।

**केस 3 :** कैंट क्षेत्र में साइबर ब्लैकमेलिंग कैंट थाना क्षेत्र में कॉलेज छात्रा की फोटो एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी गई। आरोपी युवक ने पैसे की मांग भी की। साइबर सेल की मदद से आरोपी गिरफ्तार हुआ। पुलिस ने आईटी एक्ट और महिला उत्पीड़न की धाराओं में कार्रवाई की।

## बरेली में हेलमेट लगाकर कार चला रहे एसयूवी मालिक, वजह जानकर रह जाएंगे हैरान

**बरेली, एजेंसी।** बरेली के हाफिजगंज इलाके में एक कार सवार को बिना हेलमेट दिखाकर दरोगा ने चालान कर दिया। अब वह हेलमेट लगाकर कार चला रहे हैं और सांकेतिक विरोध जता रहे हैं। शहर निवासी निरंजन यदुवंशी ने बताया कि वह अपनी एसयूवी से हाफिजगंज थाना क्षेत्र से होकर आ रहे थे। उस वक्त कार में उनके बच्चे भी थे। वह सीट बेल्ट भी लगाए थे। आरोप लगाया कि एक दरोगा ने उन्हें रोका और कार चेक की। कागजात और सभी मानक पूरे थे। आरोप लगाया कि उनसे रिश्वत मांगी गई। इन्कार करने पर दरोगा ने उनके साथ अभद्रता की और चालान काट दिया।



उन्होंने बताया कि उनकी कार पर एक हजार रुपये का नो हेलमेट में चालान किया गया है। तब से वह इतने खौफ में हैं कि अब वह अपनी कार के अंदर भी हेलमेट पहनकर चलते हैं। रोज वह इतना जुर्माना नहीं भर सकते, इसलिए हेलमेट पहनना मजबूरी बन गई है। उन्होंने मुख्यमंत्री से ऐसे पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

**बद्रीनाथ-केदारनाथ में बाइक, बरेली में कटा चालान :** शहर निवासी एक युवक की बाइक बद्रीनाथ-केदारनाथ में घूम रही थी। उसी दौरान बरेली में बाइक का चालान काट दिया गया। पीड़ित ने एसपी यातायात के दफ्तर में शिकायत की है। फर्जी नंबर प्लेट इस्तेमाल करने वाले गिरोह की भूमिका पर भी संदेह जताया है।

बिथरी चैनपुर के गांव बिचपुरी निवासी आकाश मौर्य ने शिकायत में बताया है कि वह तीन से 12 मई तक अपनी बाइक से केदारनाथ और बद्रीनाथ की यात्रा पर गए थे। इस बीच उनके मोबाइल फोन पर मेसेज आया जिसमें बताया गया कि उनकी बाइक का सात मई को बरेली के झुमका चौराहे पर 11:55 बजे चालान हुआ है। इससे आकाश काफी परेशान हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब उनकी बाइक यहां थी ही नहीं तो चालान कैसे कट सकता है? फिलहाल यह मामला जांच का विषय बन गया है।

**गंगनहर में नहाने आए दो गुट भिड़े, धक्के से विवाद**

## फिर डंडे-बल्लियां लेकर एक-दूजे पर टूट पड़े लड़के

**मेरठ, एजेंसी।** सरधना क्षेत्र की दौराला गंगनहर चौकी के पास शुक्रवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब नहर में नहाने के दौरान युवकों के दो गुट आपस में भिड़ गए। मामूली कहासुनी से शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया और दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट तथा लाठी-डंडे चले। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।



**धक्का लगने पर शुरू हुआ विवाद :** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोपहर के समय बड़ी संख्या में युवक गंगनहर में स्नान कर रहे थे। इसी दौरान धक्का लगने की बात को लेकर दो युवकों के बीच विवाद शुरू हो गया। पहले दोनों पक्षों में कहासुनी हुई, लेकिन कुछ ही देर में मामला बढ़ता चला गया। बताया जा रहा है कि विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों के युवकों ने एक-दूसरे पर हमला बोल दिया और हाथापाई शुरू हो गई।

**डंडे और बल्लियां लेकर एक-दूसरे पर टूट पड़े :** आरोप है कि झगड़े के दौरान कुछ युवकों ने आसपास पड़ी डंडियां और बल्लियां उठा लीं और एक-दूसरे पर हमला कर दिया। वायरल वीडियो में कई युवक खुलेआम मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं।

घटना के दौरान नहर किनारे मौजूद लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। कई लोगों ने बीच-बचाव का प्रयास किया, लेकिन काफी देर तक दोनों पक्षों के युवक एक-दूसरे से भिड़ते रहे। सूत्रों के अनुसार मारपीट में कुछ युवकों को चोटें भी आई हैं, हालांकि किसी गंभीर घायल की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

**वीडियो वायरल होते ही हरकत में आई पुलिस :** घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को हिरासत में ले लिया है।

अब पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर अन्य शामिल युवकों की पहचान करने में जुटी है। अधिकारियों का कहना है कि पहचान पूरी होने के बाद संबंधित लोगों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।क्षेत्राधिकारी आशुतोष कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। वायरल वीडियो में दिखाई दे रहे युवकों की पहचान कराई जा रही है।

